हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024







# हाथों में कलश लिए पंद्रह हजार महिलाएं हुई ऐतिहासिक शोभायात्रा में शामिल..रास्तेभर गूंजे महादेव के जयकारे, जगह-जगह स्वागत भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

केसीजी जिले के गंडई में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा का शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है, जो 18 से 24 जून तक होना है। कथा आरंभ से ठीक एक दिन पहले 17 जून को शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें 15 हजार से अधिक महिलाओं की उपस्थिति रही। देउर मंदिर से नियत समय सुबह 9 बजे शोभायात्रा का आरंभ हुआ। पीले वस्त्रों से सुशोभित 15 हजार से अधिक मातृशक्ति द्वारा आकर्षक तरीके से सजाए सिर पर रखे कलश एक छोर से दूसरे छोर तक आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। लगभग एक किमी से अधिक लंबे उक्त शोभायात्रा गंडई के इतिहास में बड़ा आयोजन रहा। तेज धूप और उमस भरी गर्मी में भी शोभायात्रा में चल रही मातृशक्तियों के चेहरे पर खुशी नजर आया। शोभायात्रा में चल रही मातृशक्ति लगातार विभिन्न प्रकार के जयकारे लगाती हुई नजर आई। बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है, हर-हर महादेव, ॐ नमः शिवाय सहित अन्य प्रकार के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो गया था। शोभायात्रा के आगे आगे डीजे चलता रहा। जिसमें भक्ति गीतों में सैकड़ों महिलाएं और पुरूष थिरकते रहे।




**20 से अधिक स्थान पर स्टॉल:** ऐतिहासिक शोभायात्रा के दौरान देउर मंदिर से लेकर कथास्थल गोंडवाना मैदान तक 20 से अधिक जगहों पर नगवासियों, दानदाताओं ने खाद्य पदार्थों, जूस, ठंडा पानी का स्टॉल लगाया और शोभायात्रा में शामिल महिलाओं, शिवभक्तों को जूस, ठंडा पानी, बिस्किट, मीठा पानी सहित अन्य प्रकार के खाद्य सामग्री का वितरण किया।

### सांसद पूर्व विधायक हुए शामिल

शोभायात्रा के दौरान नवनिर्वाचित सांसद संतोष पांडेय, पूर्व विधायक कोमल जंघेल सहित भाजपा, कांग्रेस के नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। सांसद संतोष पांडेय देउर मंदिर से कथास्थल तक शोभायात्रा के साथ पैदल चलते रहे। इस दौरान वे भक्ति गीतों पर ताली बजाते झूमते नजर आए।

### दूर-दराज की महिलाएं रही उपस्थित

गंडई क्षेत्र की हजारों महिलाओं सहित दूर-दराज के महिलाएं शोभायात्रा में शामिल रही थी। छुईखदान, खैरागढ़, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कवर्धा सहित दूर-दराज की महिलाएं शोभायात्रा में शामिल हुई थी। जिसके कारण उक्त शोभायात्रा में 15 हजार से अधिक महिलाएं नजर आई। उक्त शोभायात्रा की लंबाई एक किमी से अधिक लंबा था। एक छोर से दूसरे छोर तक देख पाना संभव नहीं था। पीले वस्त्रों से सुसज्जित मातृशक्ति देखते ही बन रहा था।

### पं. मिश्रा का गंडई आगमन

लगभग 12 बजे के बाद शोभायात्रा कथास्थल गोंडवाना मैदान पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन किया गया और शोभायात्रा में शामिल 50 हजार से अधिक महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को कन्या स्कूल स्थित भोजन भंडारे में भोजन कराने के बाद जजमान सुनील गोयल, जित्तू गोयल और समिति के राजू देवांगन, अनिल जैन सहित अन्य सदस्य पं. प्रदीप मिश्रा को लाने रायपुर गए। पं. प्रदीप मिश्रा लगभग 5 बजे गंडई पहुंचे। सर्वप्रथम वे गंडई के मां गंगई मंदिर गए और माता का आशीर्वाद लिए। इस दौरान नगरवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किए। तत्पश्चात वे जित्तू गोयल के निवास स्थान गए, जहां पर उनके रूकने की व्यवस्था किया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत, शिनाख्ति का प्रयास

**राजनांदगांव।** रेलवे पटरी पर एक युवक ट्रेन से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनख्ति नहीं हो पाई है। जीआरपी मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जीआरपी सूत्रों के मुताबिक 17 जून को रेलवे स्टेशन बाकल स्टेशन यार्ड किलोमीटर नंबर 907/3 में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 35-40 वर्ष का ट्रेन में टकराने के कारण मौत हो गई। घटना की सूचना पर जीआरपी ने मर्ग कायम किया है। मृतक का हुलिया कद 5 फीट 5 इंच, रंग गोरा, बाल अधपका, दाढी हल्की बढ़ी हुई है। पुलिस अज्ञात मृतक की शिनाख्ति का प्रयास कर रही है।

## जमीन संबंधी विवाद, चार आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** जमीन संबंधी विवाद एवं विद्युत लाईन काटे जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। 16 जून को प्रार्थी हरिलाल कुर्रे ग्राम शिवपुरी पुलिस चौकी मोहरा थाना डोंगरगढ़ में आकर अपनी शिकायत दर्ज कराया। मामला जमीन विवाद और लड़ाई, गाली-गलौज से संबंधित होने से मौके पर तस्दीक बाद अनावेदक के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 139 विद्युत अधिनियम के तहत 4 आरोपियों कुशल लोधी, धनंजय लोधी, दुशासन लोधी, कोमल वर्मा को 17 जून को रिमांड में माननीय कोर्ट डोंगरगढ़ भेजा गया। इस कार्रवाई में पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव एवं समस्त टीम का सहयोग सराहनीय रहा।

### पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने बैठक लेकर फिर व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

# छह साल में 61 डॉक्टरों ने छोड़ा मेडिकल कॉलेज का साथ, आधे रह गए प्राध्यापक!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पेंड्री इलाके में स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों के छोड़ जाने का सिलसिला लगातार जारी है। बीते दिनों ही ईएनटी सहित दो डॉक्टरों ने सेवाएं देना बंद कर दिया है। मौजूदा हाल की बात करें तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करीबन 108 डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जबकि ठीक छह साल पहले डॉक्टरों की संख्या 169 पर थी, यानि महज छह साल के दरमियान ही सेवाएं देने वाले डॉक्टरों की संख्या में 61 की गिरावट आई है। चिंताजनक बात यह है कि प्राध्यापक की संख्या आधी रह गई है।

डॉक्टरों के लगातार काम छोड़ने का असर अस्पताल में मरीजों के इलाज पर तो हुआ ही है। इसके साथ ही जिन बच्चों को डॉक्टर बनाने की जिम्मेदारी इन डॉक्टरों पर होती है, उस पर भी प्रभाव पड़ा है। मेडिकल कॉलेज में बच्चों को पढ़ाने वाले प्रध्यापकों की संख्या में भी भारी गिरावट आई है। हालांकि चिंताजनक हो चुकी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थिति को लेकर स्थानीय विधायक और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल के बाद प्रदेश सरकार भी अलर्ट हो गई है। मंगलवार को बैठक कर अस्पताल में डॉक्टरों की भर्ती के साथ ही संसाधन बढ़ाने को लेकर निर्णय लिया गया है।

**खास बातें**

- मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों का बढ़ाया जाएगा वेतन
- मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन भी करेगा मॉनिटरिंग




### नहीं हुई मांग पूरी, कई दफा प्रदर्शन भी

2018 में पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनकर तैयार हुआ, प्रदेश के सीएम रहते हुए डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में बने इस अस्पताल का संचालन इसके बाद 2020 में शिफ्टिंग का काम पूरा होने के बाद किया गया। पिछले पांच साल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही। अस्पताल में संसाधनों की कमी के साथ ही स्टॉफ की किल्लत को लेकर कई दफा मांग की गई, लेकिन स्थिति सुधारी नहीं जा सकी। एक दफा तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री ने भी बैठक लेकर स्थिति सुधारे जाने की बात कही थी, परन्तु कोई बड़ा काम नहीं हो पाया था। अब एक बार फिर मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सुधारे जाने का प्रयास किया गया है। देखना होगा सत्ता बदलने का कितना फायदा अस्पताल को मिलता है।

### रास नहीं आ रही संविदा की नौकरी


पिछले छह साल की बात करें तो पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल छोड़ने वाले अधिकांश डॉक्टर संविदा नौकरी पर रखे गए थे। आंकड़ों पर नजर डाले तो इन छह सालों में जिन 65 डॉक्टरों ने काम छोड़ा है, यह सभी संविदा के रूप में कार्य पर रखे गए थे। 2018 मार्च में कुल 91 डॉक्टर संविदा के तौर पर कार्यरत थे। जबकि अब यह संख्या 26 पर आ गई है। हालांकि नियमित डॉक्टरों का आंकड़ा सुधरा है, पहले यह 78 था, जो अब 82 हो गया है।

### प्राध्यापक की सर्वाधिक जरुरत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में छह साल पहले कुल 22 प्राध्यापक थे, जो अब 10 रह गए हैं। ऐसे ही सह-प्राध्यापक 24 थे, जो अब 16 हो गए हैं। सहायक प्राध्यापक 43 थे। जिनकी संख्या अब नीचे आकर 13 पर आ गई है। प्रदर्शक के पद पर 21 लोग तैनात थे, अब 23 हैं। सीनियर रेसीडेंट के पद पर 10 थे, अब 13 हैं। ऐसे ही जूनियर रेसीडेंट के पद पर 49 लोग कार्यरत थे, अब यह आंकड़ा 33 पर आ गया है।

## अंचल में मानसून की दस्तक में 4-5 दिनों का इंतजार! कल से लुढ़केगा तापमान

- दिन का पारा पहुंचा 40, प्रदेश के अधिकांश शहरों से गर्म रहा नांदगांव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बस्तर के कुछ इलाकों में दस्तक देने के बाद मानसून थम सा गया है। अब तक मानसून को अंचल में दस्तक दे देना था, लेकिन ब्रेक के चलते अब इसमें 4 से 5 दिनों की देरी हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार अंचल तक मानसून इस सप्ताह के अंत तक पहुंच जाएगा। हालांकि आज अधिकांश इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है।

इधर मानसून के दस्तक देने से पहले अब दिन के तापमान यानि अधिकतम पारा का नीचे आने का दौर शुरू होगा। सोमवार को 40 डिग्री पर रहा, अधिकतम पारा में कल से 3 से 5 डिग्री तक गिरावट संभव है। मौसम विभाग की तरफ से मानसून को लेकर मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, बीजापुर, सुकमा, मलखानगिरी, विजयनगरम और इस्लामपुर है। मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है, अगले चार-पांच दिनों में प्रदेश और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के पहुंचने की संभावना है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका उत्तर बिहार से दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका गोवा से दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल 18 जून को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में कल के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना बन रही है। 18 जून से दक्षिण छग के कुछ और भाग में मानसून सक्रिय होने की संभावना है।

## तीन बार होगी ओपन स्कूल की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल अब हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की मुख्य एवं अवसर परीक्षाएं साल में तीन बार आयोजित करेगा। पहली परीक्षा माह अप्रैल में, दूसरी परीक्षा अगस्त में और तीसरी परीक्षा नवम्बर में आयोजित की जाएगी। साल 2024 की पहली परीक्षा अप्रैल की ही तरह। जबकि दूसरी और तीसरी परीक्षा में सामान्य, क्रेडिट, आरटीडी और अवसर के परीक्षार्थी नियम के मुताबिक शामिल हो सकते हैं।

राज्य ओपन स्कूल के अधिकारियों ने बताया कि अगस्त 2024 में आयोजित होने वाली दूसरी परीक्षा के लिए सामान्य शुल्क के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून 2024 तक और 01 जुलाई से 05 जुलाई 2024 तक विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसी तरह नवम्बर 2024 में आयोजित होने वाली तीसरी परीक्षा के लिए सामान्य शुल्क के साथ 01 सितम्बर 2024 से 05 अक्टूबर 2024 तक फॉर्म जमा होंगे। इसके बाद 06 अक्टूबर 2024 से 10 अक्टूबर 2024 तक विलंब शुल्क के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

बता दें कि कुछ साल पहले तक इस बोर्ड की मुख्य परीक्षा साल में एक बार होती थी। दूसरी अवसर परीक्षा थी, लेकिन दो साल पहले इसमें बदलाव किया था। जानकारी के अनुसार मार्च-अप्रैल की ओपन स्कूल की परीक्षा में प्रदेशभर से लगभग 91 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। इसमें 10वीं में 38 हजार और 12वीं में 53 हजार छात्र शामिल हुए थे।

## स्कूल बसों की चेकिंग, 4 बस मिली अनफिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल प्रारंभ होने से पूर्व परिवहन एवं यातयात विभाग की संयुक्त टीम ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते स्कूली 52 स्कूली बस की जांच की। जिसमें चार बस अनफिट रहे।

अपर परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विद्यार्थियों के सुरक्षा हेतु जिला राजनांदगांव के विभिन्न स्कूलों नीरज पब्लिक स्कूल बल्देवबाग, नीरज इंटरनेशनल स्कूल बोरी, संस्कार सिटी, रायल किड्स कॉन्वेंट, वेसलियन स्कूल, युगांतर पब्लिक स्कूल, सेंट पैलोटी स्कूल डोंगरगढ़ के 52 स्कूली बसों का जनरल चेकिंग किया गया। जिसमें 4 बसों में परमिट फर्स्ट एड बॉक्स, वैद्य लाइसेंस खामी पाए जाने से कार्रवाई कर 6600 रुपए ऑनलाईन ई-चालान कार्रवाई किया गया।



### चालकों का नेत्र परीक्षण

साथ ही उपरोक्त खामी पूर्ति कर पुनः वाहन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा बस चालकों को अग्निशमन उपयोग के संबंध में डेमो दिया गया। साथ ही मेडिकल टीम द्वारा सभी स्कूल बस चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया।

**माय एंगल**




### ईद-उल-अजहा पर अमन, शांति व भाईचारे की मांगी गई दुआ

# अंचल में धूमधाम से मनी ईद, विशेष नमाज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईद-उल-अजहा का पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया। आज सुबह ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज शहर के मस्जिदों में अदा की गई। इस दौरान देश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी गई।

मुस्लिम समुदाय में ईद-उल-अजहा का पर्व कई मायनों में विशेष महत्व रखता है। इस पर्व को अल्लाह की राह में अपनी प्यारी चीज कुर्बान करने सहित त्याग और बलिदान का पर्व माना जाता है। ईद-उल-अजहा के दिन हज पर गए लोगों की हज मुकम्मल होती है। वहीं इस पर्व पर मुस्लिम समुदाय द्वारा विशेष नमाज अदा की जाती है। ईद-उल- अजहा की नमाज ईदगाह में अदा होती है, लेकिन बारिश के आसार को देखते हुए यह विशेष नमाज शहर के मस्जिदों में अदा की गई, जहां सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। इस दौरान देश में अमन, शांति और भाईचारा का पैगाम देते अल्लाह से अपने सूबे, मुल्क की तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी गई।




**गले मिलकर दी मुबारकबाद**

ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम भाई एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान मुस्लिम समाज के जावेद अंसारी एवं ईमरान बीबा ने नमाज को लेकर बेहतर व्यवस्था के लिए शासन प्रशासन का आभार जताया। वहीं इस पर्व को अमन, शांति और भाईचारे का पैगाम देने वाला बताया।

## गर्मी में सब्जियों के दाम में उछाल

**राजनांदगांव।** जून माह के मध्यान्ह में मौसम में तब्दीली का दौर जारी है। हल्की-फुल्की बारिश एवं शाम तेज हवाओं के बाद भी उमस भरी गर्मी का माहौल है। मौसम के उतार-चढाव के साथ ही इसका असर सब्जी बाजार में देखा जा रहा है। अधिकांश सब्जियों के दाम लगभग 40 रुपए किलो तक बनी हुई है।

सब्जी व्यवसायियों के मुताबिक इन दिनों पूर्व की अपेक्षा आसपास के बाडियों से सब्जियों की आवक कम होने लगी है। वहीं मौसम के चलते अब सब्जियों के दाम में भी उछाल है। सब्जी व्यवसायियों के अनुसार टमाटर लगभग 35-40 रुपए, भिन्डी 40, बरबट्टी 80 से 90, कटहल 40 लौकी 30, कुन्दरू 30-40, कुम्हडा 20, पत्ता गोभी 40, तोरई 40, आलू 30, प्याज लगभग 35-40 रुपए किलो तक बिक रहा है।

### भाजियों की भरपूर आवक

आगामी दिनों में सब्जियों की आवक बढने के साथ ही सब्जियों के दामों में कमी आएगी। इन दिनों हरी भाजी एवं मौसमी सब्जियों की आवक बनी हुई है।





## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक नाली को किया बंद

**डोंगरगांव।** नगर की शिक्षक कालोनी में निवास रत एक शासकीय कर्मचारी ने मनमानी करते हुए सार्वजनिक नाली को बंद कर दिया। शासकीय राशि से इस नाली का निर्माण बारिश के पानी निकासी के लिए किया गया था। बारिश के पहले ही उक्त कर्मचारी ने घर के सामने की नाली को बंद कर दिया । जिससे बारिश का पानी निकासी बाधित हो सकती है। कर्मचारी की मनमानी से कालोनीवासी नाराज है उन्होंने इसका समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### बीएससी भाग दो- तीन का परिणाम अच्छा



**डोंगरगढ़।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने गत दिनों बीएससी भाग दो एवं तीन का परिणाम घोषित किया। नेहरू महाविद्यालय में बीएससी भाग तीन बायो का परिणाम 94.3 तथा बीएससी भाग तीन गणित का परिणाम 66.6 प्रतिशत रहा । बीएससी भाग तीन बायो में 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखर स्वर्णकार ने प्रथम स्थान, मिनेश्वरी 70.2 फीसदी अंक के साथ द्वितीय एवं निशा वर्मा ने 68.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। बीएससी भाग तीन गणित में मीना ने 70.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, द्वितीय स्थान डिम्पल देवांगन तथा तृतीय स्थान अजय कुमार लोधी ने प्राप्त किया। बीएससी भाग दो बायो का परिणाम 90.5 प्रतिशत रहा। बायो समूह में महक अग्रवाल 80.5 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वितीय, भुनेश्वरी तथा प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बीएससी भाग दो गणित में मनोज देवांगन प्रथम, साक्षी यादव द्वितीय एवं दीपिका साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

### पटेवा में कबीर प्राकट्य महोत्सव 20 को

**पटेवा।** श्री सदगुरू कबीर भवन घुमका रोड़ पटेवा में आगामी 20 जून को श्री सदगुरू कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। प्रातः गुरु महिमा पाठ, कलश शोभायात्रा का आयोजन होगा। शोभायात्रा श्री सदगुरू कबीर भवन से प्रारंभ होकर सहाड़ा देव चौक, मासूल रोड़ हनुमान मंदिर से लीला चौरा चौक, अहिल्या देवी चौक, रानी अवंतीबाई चौक, स्वर्ण जयंती चौक, चन्द्रशेखर आजाद चौक, कर्मा मंदिर चौक, बाजार चौक, शनि मंदिर चौक, शीतला मंदिर चौक, पंचमुखी हनुमान मंदिर चौक से होते हुए वापस श्री सदगुरू कबीर भवन प्रांगण पहुंचेगी। यहां ध्वज की पूजा अर्चना, आरती, ध्वज गान महंत कन्हैया दास साहेब एवं तेजराम दीवान की उपस्थिति में होगा।दोपहर को सत्संग प्रवचन, शाम को सात्विक चौका आरती एवं भजन होंगे।

### किसानों को हो रहा आर्थिक नुकसान


# मिलों का गंदा पानी भर रहा खेतों में, फसलों का उत्पादन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम महाराजपुर जनकपुर के सीमा पर संचालित मिलों से निकलने वाले गंदे पानी से किसानों के खेतों प्रदूषित हो रहे हैं। धान की पैदावार में कमी आने से किसान परेशान है।

जानकारी के अनुसार राइस मिलों के गंदे पानी से जल प्रदूषित हो रहा है वहीं मिल से निकलने वाली दुर्गंध से लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि मिलों के कारण वायु प्रदूषण इतना अधिक बढ़ गया है कि नेशनल हाइवे से गुजरने के दौरान लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वायु प्रदूषण से ग्रामीणों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मिल के आसपास स्थित खेतों में जमा दूषित पानी बारिश होने पर आसपास के खेतों में जाकर उन्हे भी दूषित करेगा।

## हवा दूषित होने से सांस लेने में परेशानी



### बीमारी फैलने की आशंका

दूषित खेतों में उत्पादित धान सहित अन्य फसलों के सेवन से लोगों में बीमारी होने का खतरा मंडराने लगा है। संभावित खतरें को देखते हुए लोगों का कहना है कि प्रशासन को मिलर्स को गंदे पानी को रिसाइकल करने का सिस्टम लगाने निर्देशित करना चाहिए ताकि किसानों के खेतों बर्बाद होने से बच जाए साथ ही फसलों को भी नुकसान न हो।

## पार्षद जैन को मिला पुरस्कार...



**डोंगरगांव।** हरिभूमि की पाठक पुरस्कार योजना के तहत सांत्वना पुरस्कार कांग्रेस पार्षद प्रियंक जैन को मिला।

# पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित



**डोंगरगढ़।** मानसून आने के पहले क्षेत्र में आंधी तुफान एवं अंधड़ की शुरूआत हो गई है। शहर के वार्डों और गांवों में पुराने पेड़ को व्यवस्थित नहीं किया गया है जिससे वह गिर रहे है। पेड़ों के गिरने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है। वहीं मार्ग भी अवरूद्ध हो रहे है। पेड़ों के अचानक गिरनें से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। पिछले एक माह से पेड़ गिरने की षिकायत रेलवे कालोनी क्षेत्र में सर्वाधिक रही है। रेलवे कालोनी क्षेत्र में पिछले 100 से 150 साल पुराने बड़ी संख्या में वृक्ष है। शहर के विभिन्न मार्ग एवं वार्डों में पुराने वृक्ष है जिनकी शाखाएं विद्युत लाइन के ऊपर फैल चुकी है। कमजोर शाखाओं की कटाई छटाई बारिश के पूर्व नहीं किया गया है जिसके चलते विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। शनिवार को केन्द्रीय विद्यालय मार्ग पर पेडो के गिरने से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई थी। इस कालोनी में तीसरी बार घटना होने के कारण अस्पताल में घंटो लाइट गुल रही।

# टैक्स बार एसोसिएशन के सीए सुरेश अध्यक्ष सुमित सचिव व ढालसिंह बने कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




टैक्स बार एसोसिएशन की आमसभा एवं व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में जीएसटी नेशनल स्पीकर सीए रमनदीप सिंग द्वारा जीएसटी ई-वे बिल पर व्याख्यान देकर सबका ज्ञानवर्धन किया तथा उनके द्वारा ई-वे बिल से संबंधित समस्याओं पर सीए एवं अधिवक्ताओं के सवालों के जवाब दिए गए। व्याख्यान के पश्चात टैक्स बार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बृजकिशोर सुरजन द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह और सीए पारस छाजेड ने पुष्पगुच्छ देकर टैक्स बार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के प्रारंभ में टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव सीए सुमित चौरसिया द्वारा पिछले मीटिंग की मिनिट का पठन किया गया। तत्पश्चात टैक्स बार का आय-व्यय कोषाध्यक्ष भागवत साहू द्वारा सदन में दिया गया, जिसे ध्वनिमत से पारित किया गया। निवृत्तमान अध्यक्ष कमल किशोर साहू ने अपने द्विवर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों को पटल पर रखते पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार जताया।

आमसभा में जुगल किशोर अग्रवाल, महेश प्रसाद शर्मा, हरीश जैन, सीए विनोद सदानी, पारस छाजेड, प्रफुल्ल कोठारी, विजय गंगवानी, अशोक साहू, मनमोहन साहू, यशवंत देशमुख, पुष्पा रामटेके, लोकेश अग्रवाल, जिनेश जैन, सुनील साहू, हर्ष पींचा, राहुल जैन, दिलीप सांखला, रितेश कोटड़यि, अजय बरडिया, संजय लोहिया, आतिश ओसवाल, जिनेश जैन, निरंजननाथ शर्मा, आतिश ओसवाल, गौतमचंद ओसवाल, धनेन्द्र बहेकर, आसीम अहमद, अभय पाठक, अरविंद महाजन, सीए आयुष साहू, सीए हर्ष जैन, सीए आयुष सदानी, कृष्णकांत पटेल, अभिषेक वर्मा, सीए अंकित सेठिया, धन्ना यादव, आयुष्मान वर्मा, तिलेश्वरी देवांगन, अक्षय सांखला, सीमाब कुरैशी, शुभम भंसाली, पंकज गंगवानी, पवन मिश्रा, शुभम शर्मा सहित टैक्स बार के सीए अधिवक्ता ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### सभी निर्विरोध निर्वाचित


आगामी वर्ष 2024-26 के लिए नई प्रबंध कार्यकारिणी के गठन के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश एच. लाल को मुख्य चुनाव अधिकारी, सहायक चुनाव अधिकारीद्धय बृजकिशोर सुरजन व प्रकाश सांखला द्धारा सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें अध्यक्ष सीए सुरेश गांधी, उपाध्यक्षद्धय हिरेन्द्र देवांगन एवं सीए राजेश बाफना, सचिव सुमीत कुमार चौरसिया, सहसचिव लोकेश कुमार चौहान एवं लीला यादव, कोषाध्यक्ष ढाल सिंग साहू निर्वाचित हुए। टैक्स बार के सदस्यों ने शांतिपूर्वक एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न होने पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# टंकी बनी, घरों में लगा नल फिर भी ग्रामीण जूझ रहे जलसंकट से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

■ जल जीवन मिशन का हाल बेहाल

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन का ग्राम मुरमुंदा में बेहद बुरा हाल है। यहां योजना के तहत नल कनेक्शन तो दे दिए गए हैं लेकिन पानी नहीं आ रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों ने पर्याप्त पानी मुहैया कराने के लिए केन्द्र सरकार ने जल जीवन मिशन की शुरूवात की है। मिशन के माध्यम से पानी टंकी बनवाकर ग्रामीण को जल संकट से उबारने का प्रयास किया है किंतु बिडबना है कि सरकार की मंशानुसार जिम्मेदार अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं जिसके चलते ग्रामीणों ने योजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण ने बताया कि गांव में एक पानी टंकी थी जिससे पूरे गांव में पानी की सप्लाई होते रही है। अब जल जीवन मिशन के तहत दूसरी टंकी बनाया गया है फिर भी ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।



### पंप लगाकर खींच रहे पानी

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह नल खुलते ही लोग टुल्लू पंप से लगाकर पानी खींचने लगते हैं जिससे अन्य लोगों के घर तक पानी नहीं पहुंच पाता। पंचायत को टुल्लू पंप से पानी खींचने वाले पर कार्रवाई करना चाहिए जिससे सबको पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। जानकारी के अनुसार मुरमुंदा के दोनो मोहल्ले में पानी की किल्लत है। इसी प्रकार मुड़पार, जामरी, पिपरिया में भी जल मिशन का बुरा हाल है।

# सांसद पांडे का जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नवनिर्वाचित सांसद संतोष पांडे के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंडल भाजपा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, आदिवासी मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि हाल में आयोजित लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस मंडल ने लगभग 3400 वोटों से बढ़त हासिल किया था। जीतके बाद यहां पहुंचे सांसद पांडे ने समस्त मतदाता, पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा जिस प्रकार भाजपा सरकार केंद्र में 10 सालों तक चलने के बाद अगले पांच साल तक पूरी जिम्मेदारी के साथ विकास को गति देगी। स्वागत के मौके पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रेम नारायण



चंद्राकर, निजाम मांडवी, राजलक्ष्मी पंसारी, अरविंद शर्मा, शैलेश जैन, प्रकाश जंघेल, घम्मन साहू, पन्ना मंडावी, शुभम चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# तरनदीप लायंस क्लब सिटी के बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लायंस इंटरनेशनल के लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी वर्ष 2024-25 की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शहर के एबीस ग्रीन में संपन्न हुआ। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष तरनदीप अरोड़ा, सचिव डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष एडवोकेट कमल किशोर साहू तथा प्रथम उपाध्यक्ष रानू जैन, द्वितीय उपाध्यक्ष मयंक शर्मा, टेमर शोभा चौरसिया, टेल ट्विस्टर कंचन चौबे, सह सचिव पवन पटेल, सह कोषाध्यक्ष राजेश नागवानी शामिल हैं।

इसी तरह डायरेक्टर लायंस अनीता जैन, अशोक पवार, अशोक तेजवानी, गोवर्धन लालवानी, नंदलाल पंजवानी, रमेश गुप्ता, समीर पोद्दार, श्याम चरण गुप्ता, सुदामा मोटलानी, सुरेश गांधी, सुरेश शर्मा एवं सुशील जैन द्वारा शपथ लिया गया। को-ऑर्डिनेटर लायंस बलदेव भाटिया, बहादुर अली, अशोक चौधरी, सुनील अग्रवाल, राजेश जैन कार्यकारिणी के अग्रणी सहयोगी रहेंगे।

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट. 3233 सी की ओर से मुख्य अतिथि एमजेएफ शैलेश अग्रवाल रायगढ़ की आधिकारिक यात्रा एवं शपथ ग्रहण समारोह के उद्बबोधन में लायनवाद की गौरवशाली कार्य शैली पर संवाद से लायंस सदस्यगण लाभान्वित हुए। शपथ अधिकारी पीडीजी; एमजेएफ अमरजीत सिंह दत्ता रायपुर द्वारा पदाधिकारियों को छत्तीसगढ़ी भाषा में रोचक शैली से विधिपूर्वक कराई गई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने क्लब द्वारा राजकीय हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग एवं सामाजिक सेवा कार्यों पर केंद्रित प्रकल्प करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त किया। शपथ समारोह में विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन मीनाक्षी अग्रवाल दुर्ग, एमजेएफ लायन बृजकिशोर सुरजन, आशीर्वादक पूर्व गवर्नर पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, रीजन चेयर पर्सन राजेश जैन, पेट्रोन उमेद कोठारी, संतोष लोहिया, रत्ना ओस्तवाल, नंदकुमार अग्रवाल, सुशील पसारी एवं वरिष्ठ लायंस परिवार की उपस्थिति में आयोजित हुई। कार्यक्रम के संचालन गुरदीप बग्गा एवं संयोजन प्रकाश श्रीश्रीमाल द्वारा विशिष्ट सेवा कार्य हेतु सदस्यों का सम्मान तथा सफल आयोजन हेतु सचिव डॉ. गिरीश श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर हुआ आयोजन, संगोष्ठी में सार्थक चर्चा

# आम्बेडकर के योगदानों पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पञ्ञा मेत्ता संघ यूथ प्रज्ञागिरी ने रविवार को बाबा साहब आम्बेडकर जयंती एवं 2568 वी त्रिविध बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन होटल राज ईन में रखा गया था।



शुरुवात में पल्लवी मेश्राम ने संविधान के प्रस्तावना का पठन किया। बेबी सुवर्णा एवं श्रेया ने संविधान गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भदंत संघरत्न मानके ने की। इस मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने डॉ. आम्बेडकर के कार्यों को उजागर किया। राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष विवेक वासनिक ने डॉ. आम्बेडकर के समाजवादी एवं अर्थशास्त्री पहलुओं पर अपनी बातें रखी। जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू ने बाबा साहेब के सपनों का आदर्श समाज पर संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों को बताया। शाकिर कुरैशी ने निर्भिक पत्रकार के रूप में डॉ. आम्बेडकर का चित्रण किया।


मेघा पटनायक ने हिंदू कोड बिल, सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी कुरे, कुशल सिंह राजपूत, कल्पिता चंद्रवंषी ने अपने विचार रखे। संचालन पूनम वेणु गोपाल ने किया। प्रस्तावना का वाचन ज्योति मेश्राम एवं आभार प्रदर्शन राधिका जंघेज्ने किया। इस दौरान अन्नू कोसा कोटांगले, सिद्धार्थ जनबंधु ,रजत गजभिये, प्रदीप गजभिये, संजना गजभिये, निखिलेश, अमित टेंभूरकर, कल्पना गणवीर, किरण, बिन्दु, श्रद्धा आदि मौजूद थे।

# रेणुगोपाल ने गोवा में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अछोली के चमन वर्मा के पुत्र रेणुगोपाल जो संत श्री आशाराम गुरूकुल में अध्ययनरत है ने गत दिनों यूथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गोवा में आयोजित आठवां गोल्ड कप आल इंडिया चेम्पियनशिप में हिस्सा लिया।

इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के 3 विद्यार्थी शामिल हुए थे। गुरुकुल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि रेणुगोपाल ने



ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह में तबलावादन में गिनीज बुक ऑफ विश्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराया था।

वह पढ़ाई के साथ बास्केटबॉल, तबला वादन, चित्रकला में अनेक प्रमाण पत्र और कराटे में भी पांच बेल्ट पर्पल तक ले चुके है। उन्हे लक्ष्मी वर्मा, चमन वर्मा, कमला वर्मा एवं हरि ओम परिवार के सदस्यों ने बधाई दी है।

## मुस्लिम समाज ने अदा की नमाज

**डोंगरगढ़।** हजरत इब्राहिम और हजरत इस्माइल के बलिदान को याद करते हुए स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने बकरीद पर्व मनाया। स्थानीय जामा मस्जिद कमेटी के तत्वावधान में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह जाकर नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। हाबिद मुक्ति दियाजुद्दीन ने नमाज अदा करवाया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### तुलसीपुर में आज कबीर प्राकट्य उत्सव

**राजनांदगांव।** तारामती कबीर आश्रम तुलसीपुर एवं सद्गुरू कबीर विचार मंच राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में युगदृष्टा संत शिरोमणि सद्गुरू कबीर साहेब की 626वीं प्राकट्य महोत्सव कल 18 जून को पंथ श्री हुजूर स्वामी मंगल साहेब जी प्राचीन कबीर मठ धाम नादिया, धर्माधिकारी संत सत्येन्द्र साहेब शास्त्री एवं मूर्धन्य विद्वान संतजनों की उपस्थिति में तारामती आश्रम में आयोजित है।

आयोजन समिति से जुड़े महेश साहू व स्वरूप देवांगन ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ सुबह 10 बजे गुरू महिमा पाठ, भजन संकीर्तन से प्रारंभ होगा। तत्पश्चात धर्म ध्वजारोहण एवं सत्संग प्रवचन के बाद प्रसाद वितरण से कार्यक्रम का समापन होगा। कबीर प्राकट्य महोत्सव में अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ लेने की अपील कुंवर सिंग वर्मा, एसडी साव, प्रकाश साहू, मनोज मानकपुरी, पीआर साव, मेघू साहू, दुर्गा साहू सहित पदाधिकारियों ने ने की है।

### राजनांदगांव जिला रजक समाज की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** जिला धोबी समाज राजनांदगांव की जिला कार्यकारिणी एवं



पदाधिकारियों की बैठक आज डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण छीरपानी भवन सभागृह में आयोजित किया गया। जिसमें समाज के जिला अध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते जिला धोबी समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने कहा कि आगामी 30 जून को समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बैठक में अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर, जिला उपाध्यक कैलाश सोनवानी, हेमसिंह निर्मलकर, कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, सचिव रोहित निर्मलकर, सहसचिव रोहित निर्मलकर, संरक्षक नंदकुमार निर्मलकर, आश कुमार रजक, मीडिया प्रभारी लोकेश रजक, दिलीप कुमार, धनश्याम, खोरबहरा निर्मलकर, संतोष कुमार रजक, कमलेश निर्मलकर, कृष्णा रजक, खेमराज निर्मलकर, चमरूराम निर्मलकर, कृष्णा निर्मलकर, अंकित रजक, अंकलू निर्मलकर, परसलाल निर्मलकर, मधु निर्मल, पुसाऊ रजक, रवि निर्मलकर, गोपी रजक सहित समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला धोबी समाज के कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर ने बैठक में उपस्थित अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते आभार प्रकट किया है। उक्त जानकारी समाज के जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दिया।

### जिला नाचा संघ के नए पदाधिकारियों का गठन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार



कल्याण संघ के तत्वावधान में जिला ईकाई राजनांदगांव नाचा संघ द्वारा 16 जून को कारीपाठ मंदिर रामाटोला (डोंगरगढ़) में जिले के सभी मैनेजर, संचालक द्वारा जिला पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें खिलावन साहू अध्यक्ष, संतोष सिंह राजपूत उपाध्यक्ष, पवन सोनवानी सचिव, टीकम वर्मा कोषाध्यक्ष, भोजू यादव सह सचिव, धनवा राम निषाद सह-कोषाध्यक्ष, तिलोक पटेल नर्तकी पक्ष अध्यक्ष, मलेश चन्द्रवंशी नर्तकी पक्ष उपाध्यक्ष को सर्वसम्मति से चयनित किया गया एवं पार्टी को सही दिशा व उचित मार्गदर्शन हेतु सम्मानित व्यक्तियों को मनोनित किया गया। जिसमें तिलेश्वर वर्मा प्रमुख सलाहकार एवं संरक्षक, तुलेश साहू संरक्षक, केदार यादव संरक्षक, गोपाल मंडावी संरक्षक, तिलेश्वर वर्मा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया गया।

## 18 जून से पं. प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा प्रारंभ

# तीन दिन पहले से शिव भक्तों का जमावड़ा, पंडालों में गुजार रहे रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

शहर में कल 18 जून से पं. प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा प्रारंभ होना है। कथास्थल पर कार्यक्रम शुरू होने से तीन दिन पहले से ही शिव भक्तों का जमावड़ा लग गया है। कथा सुनने हजारों की संख्या में श्रद्धालु रायपुर, कवर्धा, दुर्ग, बेमेतरा, बलौदाबाजार के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य से पहुंचे हुए हैं। आयोजन समिति द्वारा इन शिव भक्तों को भोजन, पानी सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। मंगलवार को कथा प्रारंभ होने के अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने की संभावना है। आयोजन समिति एवं प्रशासन पहुंचने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने में जुआ हुआ है। वहीं सेवादारों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा गया है।



### क्षेत्र के ग्रामीणों में भी उत्साह

क्षेत्र में पहली बार हो रहे शिव महापुराण कथा को लेकर शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। बीते पखवाड़ेभर से ग्रामीण क्षेत्र के लोग कथास्थल की व्यवस्था बनाने में आयोजक समिति का सहयोग करते नजर आए। वहीं अब कार्यक्रम एवं भोजन भंडारा स्थल में भी अपना सहयोग बखूबी दे रहे हैं। कथा शुरू होने से पहले सोमवार को हजारों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए। कृषि कार्यों में ब्रेक लगाते लोग कल से बड़ी संख्या में कथा का रसपान करने पहुंचने वाले हैं।

### आज से बदले वाहनों का मार्ग

कल 18 से 24 जून तक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। शिव महापुराण कथा के दौरान उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को देखते यातायात पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं के सुगमता व सुरक्षित यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते कवर्धा, दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव शहर की ओर से कथास्थल तक आने-जाने के लिए मार्ग परिवर्तन किया गया है। राजनांदगांव से कवर्धा आने-जाने के लिए वाहनों को कुकुरमुड़ा चौक से भरदा गोंड, विचारपुर, बुंदेली, जोम, तेंदूभांठा, उदान, दनिया, नवागांवखुर्द, छीराहीडीह, कोंगियाकला, ढाप, चोरभट्ठी, बिरनपुर, मोहगांव, बीजाबैरागी, जंगलपुर, बिडोरा चौक मार्ग का उपयोग करेंगे। कवर्धा से दुर्ग रायपुर आने-जाने वाले वाहन बिडोरा चौक से, जंगलपुर, बीजाबैरागी, मोहगांव, बिरनपुर, चोरभट्ठी, ढाप, कोंगियाकला, छीराहीडीह, नवागांवखुर्द, दनिया मार्ग का उपयोग किया जाएगा। दुर्ग-धमधा से साल्हेवारा, बालाघाट की ओर जाने वाले वाहन दनिया चौक से उदान, तेंदुभांठा, जोम, बुंदेली, विचारपुर, भरदागोंड, कुकुरमुड़ा, नर्मदा, मोहगांव, साल्हेवारा मार्ग का उपयोग करेंगे। यातायात नियम को मद्देनजर रखते चिन्हांकित स्थानों पर बेरिकेट्स लग गया है तथा पुलिस जवान एवं वालिंटियरों को तैनात किया गया है।

### सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित



**राजनांदगांव।** बिलासा सेवा समिति बिलासपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समारोह 2024 राजनांदगांव शहर में स्थित जिला निषाद (केवट) समाज सामुदायिक भवन कौरिनभाठा राजनांदगांव में आयोजित हुआ। इस आयोजन में 90 परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी।

मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि राजनांदगांव में बिलासा सेवा समिति राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर परीक्षार्थियों व पालकों द्वारा खुशी जाहिर की गई। प्रतियोगी परीक्षा में सहयोग करने वाले एसआर निषाद, विजयलाल निषाद, बसंत कुमार लारिया, सोहन निषाद, चुरामनलाल निषाद, जमुना निषाद, हेमलता निषाद, चंद्रिका लारिया, सुशीला निषाद, पद्मिनी निषाद शामिल हैं।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव के मोक्षधाम सांकरदहरा में नाई समाज के नवनिर्मित सेन मंदिर में गुरूदेव संत श्री शिरोमणि नंदा सेन महाराज के मूर्ति का भव्य प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक आयोजन जिला सेन समाज के तत्वावधान द्वारा ब्लॉक डोंगरगांव सेन समाज के नेतृत्व में कल 18 जून से 20 जून तक तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है।

जिला सेन समाज के जिलाध्यक्ष शेषनारायण सांडिल्य के निर्देश में डोंगरगाँव ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण कौशिक ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलने वाला धार्मिक अनुष्ठान का कार्यक्रम है। जिसमें प्रथम दिवस 18 जून को सांकरदाहरा में दोहपर 12 बजे से भव्य कलश यात्रा द्वारा शुभारंभ किया जाएगा, जो आयोजन स्थल से ग्राम सांकरदाहरा के विभिन्न मार्गों में भ्रमण कर वापस आयोजन स्थल पहुंचेगा। द्वितीय दिवस 19 जून को सुबह 9 बजे से 36 कोटि देवी-देवताओं, नवग्रहों और वेदी स्थापना का अनुष्ठान किया जाएगा और संध्या 6 बजे से



सामाजिक महासभा बैठक भी आयोजित है। तृतीय दिवस 20 जून को प्रथम सत्र में सुबह 9 बजे से श्री सेन महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा ईष्टदेव का ध्यान, हवन और महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है। तत्पश्चात इसी दिन महाप्रसादी के बाद द्वितीय सत्र में सेन सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथिगण, जिला पदाधिकारीगण, ब्लॉक पदाधिकारीगण और बाहर से आए विशेष अतिथियों का सम्मान किया जाएगा।

## जिला चिकित्सालय व मेडिकल कॉलेज में व्याप्त समस्या के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे के आभार कार्यक्रम में पधारे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नगर आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी (गोलू) ने सौजन्य भेंट कर पेंड्री स्थित स्व. अटल बिहारी बाजपेयी मेमोरियल मेडिकल अस्पताल व शासकीय जिला चिकित्सालय में व्याप्त अनेक समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

बताया कि परेशानियों का बहुत अंबार है, जिस वजह से मरीजों व उनके परिजनों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते अभी हाल में ही अनेक विशेषज्ञ डॉक्टरों ने त्यागपत्र देकर अस्पताल छोड़ दिया है। साथ ही गणमान्यजनों व नागरिकों द्वारा समय-समय पर



लगातार मांग की जा रही है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जिला चिकित्सालय का संचालन संयुक्त रूप से किया जाए। जिससे होने वाली दिक्कतों को थोड़ा कम किया जा सकता है। सोनोग्राफी मशीन के निर्धारित समय को संशोधित कर 24 घंटे चालू रखें, क्योंकि डॉक्टर्स की मिलीभगत से निजी डाइग्नोस्टिक सेंटरों की मोटी कमाई में रोक लगे और गरीबों को राहत मिले।

### शरबत वितरण

**राजनांदगांव।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आज निर्जला एकादशी अवसर पर भारत माता चौक में राहगीरों को लगभग 2500 गिलास शीतल शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर गोपाल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, संतोष हुंका, अशोक अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, राहुल लोहिया, आशीष अग्रवाल, काव्य अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# एक दिवसीय किसान संगोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ राजनांदगांव, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ, किसान प्रकोष्ठ व कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय सर्व समाज किसान संगोष्ठी जिला साहू सदन बसंतपुर राजनांदगांव में आयोजित की गई।




संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. गुंजन झा, डॉ. अतुल रामेश्वर डांगे, डॉ. अंजलि धृतलहरे, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, कृषि विभाग सहायक संचालक संजय राय आदि के साथ सीधे संवाद के माध्यम से सफल कृषक नवीन भाई परमार, मदन मोहन साहू, खेलूराम साहू, अमरोतन साहू, मदन साहू, सेवक साहू, गिरीश साहू, बिसेसर दास साहू, अजय वर्मा, किसन पटेल, बरातू साहू, ढाल सिंह आदि किसानों को उन्नत कृषि, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण, फसल बीमा, वृक्षारोपण, गर्मी फसल, विभिन्न कृषि योजनाएं, जल संरक्षण, उद्यानिकी, कृषि से संबंधित नवीनतम जानकारी व कृषि से जुड़ी जीवन शैली, वैज्ञानिक तकनीक व उचित तरीकों से उपज में बढ़ोतरी, फसल चक्रण कर रासायनिक उर्वरक के स्थान पर जैविक खाद का उपयोग कर जैविक खेती को बढ़ावा देते फसल में पानी की जरूरत आदि विषयों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही कृषि वैज्ञानिकों ने खरीफ व रबी फसल के अंतर्गत धान, मक्का, सोयाबीन, अरहर, तुअर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी, गेहूं, चना, राई, सरसों, अलसी आदि फसलों की पैदावार बढ़ाने के तरीके भी बताए। कृषक नवीन भाई परमार ने टमाटर व शिमला मिर्च के उत्पादन के संबंध अपना अनुभव बताया। सामाजिक कार्यकर्ता श्रद्धा साहू ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन व सामाजिक कार्यक्रम में बफे सिस्टम को बंद करने को कहा। जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कार्यक्रम की सफलता के लिए वैज्ञानिकों एवं कृषकों तथा अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ, किसान प्रकोष्ठ का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन जिला सलाहकार परदेशीराम साहू ने किया। कार्यक्रम में भागवत साहू, नीलमणि साहू, नोबल साहू, माधव साहू, महेंद्र साहू, नीरा साहू, शैलेंद्र साहू, महेश्वर साहू, मदन साहू, यशवंत साहू, मिलन साहू, रूपेश साहू, परदेशीराम साहू, हेमनाथ साहू, अनिल साहू, पवन साहू, कुलेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, डॉ .दुलेश्वर साहू, नीलकंठ साहू, शिवकुमार साहू, तिजेंद्र साहू, लविंद्र साव, भोजकुमार गंजीर, सेवकराम, विष्णु साहू, ओमप्रकाश अंकुर, देवचरण, परसादी साहू, अमरोतन साहू, अंजू साहू, हेमंत साहू, मंथिर साहू, खिलेश्वरी साहू, मुनेश्वरी साहू, माया साहू, जगमोहन, तुका साहू, साध्वी एम. करुणा, डोहर दास, खेमू दास, तरुण साहू, महेंद्र, नरेश, भीखू साहू, नोहर दास, पीतांबर आदि मौजूद रहे।









## आभार: रैली निकालकर मतदाताओं के प्रति जताया आभार

# सांसद संतोष पाण्डेय का नगर में किया गया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से अपने निकटम प्रतिद्वंदि कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल को करीब 40 हजार मतों से करारी शिकस्त देकर दूसरी बार सांसद निर्वाचित होने के बाद भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय सोमवार को लोकसभा क्षेत्रांतर्गत कवर्धा के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कवर्धा में भाजपा के पदाधिकारियों के साथ एक सजे धजे वाहन में सवार होकर नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। श्री पाण्डेय सर्व प्रथम दोपहर करीब 5.00 बजे कवर्धा पहुंचे। जहां सर्वप्रथम रायपुर बायपास चौक से भाजयुमो द्वारा बाइक रैली के माध्यम से सांसद पांडेय का स्वागत किया गया तत्पश्चात नगर के ठाकुरदेव चौक में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा सांसद पांडेय का भव्य स्वागत किया गया। इसी कड़ी नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय का विशाल काफिला शहर के अंदर प्रवेश के करने लगा। जिसमें सांसद संतोष पाण्डेय एक खुले और सजे-धजे वाहन में सवार थे। वाहन में उनके साथ जिला भाजपा के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान हांथ में भाजपा के झंडा, बैनर लिए कार्यकर्ताओं का रैला उनके साथ चल रहा था और सांसद श्री पाण्डेय हांथ जोड़कर नगर के मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते चल रहे थे। मार्ग में कई लोगों ने उन्हें फूल, माला, नारियल तथा बुके भेंट कर उनका दूसरी बार सांसद बनने के बाद नगर आमन पर स्वागत व सम्मान किया। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सांसद का काफिला देरशाम नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ स्थानी भाजपा कार्यालय पहुंचा। यहां भी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने आतिशी धमाकों तथा फूल-मालाओं से उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जिला भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



**कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह**

18 वीं लोकसभा के लिए सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में तीसरी बार देश में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी एनडीए की सरकार तथा छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 11 में 10 सीटों सहित राजनांदगांव लोकसभा सीट में भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय की दूसरी बार शानदार जीत से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। सोमवार को आयोजित संतोष पाण्डेय की आभार रैली में कार्यकर्ता डीजे तथा धुमाल की धुन में जमकर थिरकते नजर आए और उन्होने पार्टी की इस जीत का जश्न भी मनाया। नगर के सभी प्रमुख चौक चौराहों में जोरदार आतिशबाजी की गई।

# ग्राम दरिगवां में मनरेगा के तालाब गहरीकरण में बाल मजदूर कर रहे हैं मजदूरी?



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

एक तरफ जिला प्रशासन की संयुक्त टीम जिले में संचालित सहकारी शक्कर कारखाना से लेकर हॉटल, ढॉबों और रेस्टारेंट में दबिस देकर बाल श्रमिक तलाश रही है। तो दूसरी तरफ दिया तले अंधेरा वाली कहावत को चरित्रार्थ करते हुए प्रशासनिक दावे के मुताबिक जिले में बेहतर क्रियान्वयन के लिए पूरे प्रदेश प्रथम स्थान का तमगा हांसिल करने वाली मनरेगा

योजना में ही बाल श्रमिक काम करते दिखाई दे रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों के मताबिक जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम दरिगवां में प्रशासन द्वारा मनरेगा योजना के तहत तालाब गहरीकरण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें गांव के दर्जनों पंजीकृत मजदूरों द्वारा कार्य किया जा रहा है। लेकिन बताया जा रहा है कि इन मजदूरों के साथर करीब दर्जनभर बाल मजदूर भी इस सरकारी निर्माण कार्य में गैंती, फावड़ा और धमेला लेकर दिहाड़ी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि जनपद पंचायत स. लोहारा के सीईओ इसका बात की जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं और मामला संज्ञान में आने के बाद अब जांच कराए जाने की बात कह रहे हैं। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि प्रशासन के दमाम दावों के बाद क्या मनरेगा के कार्य स्थलों की जिम्मेदार और सक्षम अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है।

शायद नहीं यही वजह है कि जिले में संचालित मनरेगा के कार्यो में फर्जी मस्टर रोल, बाल मजदूरों जैसी शिकवा शिकायतें सामने आ रही है।

## खबर संक्षेप

### किसानों के खाते में आज होगी धन वर्षा

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत 17वे किश्त की राशि का अंतरण किसानों के खाते में ऑनलाइन किया जाएगा।
यह कार्यक्रम 18 जून को शाम 4 बजे से मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर राज भूषण चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा छग शासन, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक पंडरिया भावना बोहरा की उपस्थिति में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र ग्राम नेवारी कबीरधाम में आयोजित किया जाएगा।

### केवाईसी व नवीनीकरण 30 जून तक

**कवर्धा।** सामान्य श्रेणी एपीएल, प्राथमिकता और अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी और नवीनीकरण कार्य 30 जून तक किया जाएगा। ई-केवाईसी के लिए बचे हुए हितग्राही को नजदीकी के शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपने राशनकार्ड के सभी सदस्य का ई-केवाईसी आवश्यक रूप से किया जाएगा। नवीनीकरण के लिए बचे हुए राशनकार्ड धारियों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर लिंक डाउनलोड कर या अपने शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर राशनकार्ड का नवीनीकरण कराया जाना है। अभी भी कई राशन कार्डधारी ई केवाईसी करवाने दुकानों तक नहीं पहुंचे है।

# समाज के मुक्तिधाम में भू-माफिया का बेजाकब्जा

## पाण्डातराई थाना में दर्ज कराई गई शिकायत




हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

कबीरधाम जिले में भू-माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि सरकारी जमीन के साथ-साथ समाज और लोगों की निजी जमीन को भी हथियाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही मामला पांडातराई थाना के ग्राम पंचायत चरखुराकला में सामने आया है। जहां पटवा पाटस्कर समाज के मुक्तिधाम पर कब्जा करने जमीन दलाल ने टैक्टर चलवा दिया। इसके विरोध में समाज के लोगों ने पुलिस में शिकायत कर जमीन को मुक्त कर कब्जा करने वाले पर कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, समाज के लोगों को सूचना मिली कि प्रयास पाठक उर्फ डब्बू पाठक के द्वारा समाज के मुक्तिधाम पर कब्जा करने की नियत से ट्रैक्टर से जोताई कार्य कराया जा रहा है। इस सूचना के बाद समाज के प्रमुख लोग जब मौके पर पहुंचे तो वहां श्मशान घाट पर ट्रैक्टर से जुताई कर खेत बनाया जा रहा है। इस पर समाज के लोगों ने पांडातराई थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए मुक्तिधाम को कब्जे से मुक्त कर प्रयास पाठक उर्फ डब्बू पाठक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पटवा पाटस्कर समाज के जिला अध्यक्ष हितेश पाटस्कर ने बताया कि कल देर शाम घूमने गया था। उसी दौरान देखा कि प्रयास पाठक उर्फ डब्बू पाठक समाज के चारखुराकला ग्राम पंचायत स्थित समाज के वर्षो पुराने मुक्तिधाम को ट्रैक्टर से समतल कराकर खेत बनाने का काम कर रहा है और समाज के पूर्वजों के अनेकों मठों पर ट्रैक्टर चलाकर उन्हें नष्ट कर दिया गया है। इस घटना के बाद अपने पूर्वजों के अपमान पर समाज के लोग एक होकर पांडातराई थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थे। वहीं मामले में पांडातराई थाना प्रभारी जनमेजय पाण्डेय ने बताया कि कल रात पटवा समाज के लोग थाना पहुंचकर चरखुराकला ग्राम पंचायत स्थित सैकड़ों साल पुराने मुक्तिधाम पर प्रयास पाठक उर्फ डब्बू पाठक नाम के व्यक्ति द्वारा कब्जा करने की शिकायत दी है। मामले में आज दोनों पक्ष के लोगों को बुलाया गया है। शिकायत के आधार पर बारीकी से जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# ईद-उल-जुहा पर मांगी गई अमन चैन की दुआ लोगों ने गले लगाकर एक दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समूचे अंचल में ईद-उल-जुहा बकरीद धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित स्थानीय जामा मस्जिद में दो वक्तों की नमाज अदा कर अपने मुल्क व राज्य के अमनोसुकून की दुआ मांगी। ईद-उल-जुहा बकरीद के मौके पर शहर व आसपास के सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदाकर आपस में एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद पेश की। इस संबंध में मुस्लिम समाज के हाजी सलीम हिंगोरा ने बताया कि ईद-उल-जुहा ईब्राहीम अलैह एवं हजरत ईस्माईल अलैह की याद में मनाया जाता है। हजरत ईब्राहीम अलैह को खुदा की जानिब से ख्वाब आया कि तुम हमारी राह में कुर्बानी पेश करो तो हजरत ईब्राहीम अलैह ने सौ ऊंटो की कुर्बानी पेश की फिर अगली रात में ख्वाब आता है तुम अपने सबसे अजीज चीज हमारी राह में कुर्बान करो तो हजरत ईब्राहिम फौरन



समझ जाते हैं कि मेरा सबसे अजीज ईकलौता फरजंद पुत्र हजरत ईस्माईल अलैह जो उन्हे बहुत मिन्नतों मुराद से बुढ़ापे में पैदा हुआ था उन्होंने फौरन अपने पुत्र फरंजद को ख्वाब की दास्तां बताई तो उनके परजंद हजरद ईस्माईल अलैह ने कहा बाबा जान ये खुदा का हुक्म है आप फौरन अमल किजिए मुझे साबिर सब्र करने वाला पायेंगे। तब हजरत ईब्राहिम अलैह अपने फरजंद पुत्र हजरत ईस्माईल को मीना के कुर्बानगाह लेकर पहुंचे। जहां उन्होंने हजरत ईस्माईल को लिटाकर उनके हलक में छुरी चलानी चाही परन्तु छुरी नहीं चली। खुदा ने जानिब से फरिस्ते को हुक्म दिया कि जन्नती दुम्बा बकरे की शक्ल का हाजिर करें और हजरत ईब्राहीम के बदले दुम्बा कुर्बान हो जाता है। खुदा को हजरत ईब्राहिम व हजरत ईस्माईल की ये अदा बेहद पसंद आ जाती है तब से हर साल मुसलमान पर बकरे की कुर्बानी करना बाजिब हो जाता है।

## पिपरिया जोन में एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

14 जून से 17 जून तक श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोना में आयोजित एफएलएन के प्रथम चरण ऑफलाइन प्रशिक्षण में पिपरिया जोन के 58 प्राथमिक शिक्षकों को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय शिक्षक संदर्शिका ,पाठ्य पुस्तक व अभ्यास पुस्तिका को मिलाते हुए कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान हेतु दैनिक साप्ताहिक वार्षिक योजना के अनुरूप कार्य करते हुए, बच्चों के आकलन का रोड मैप भी डिजाइन किया गया है। मेरा सफर ट्रैकर एवं सप्ताहिक आकलन ट्रैकर के माध्यम से बच्चों को सीखने के लक्ष्य प्रतिफलको प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस प्रशिक्षण में 21वीं सदी के कौशल 6 सी एवं शत प्रतिशत बच्चों को सिखाने हेतु विषय मित्र,गली मित्र, पियर लर्निंग,ग्रुप लर्निंग का सिद्धांत नवाजतन के अंतर्गत दिया गया है। शिक्षकों के लिए इस प्रशिक्षण में सबसे आकर्षक एवं नई जानकारी ई -जादुई पिटारा रही। यह जादुई पिटारा क्या है इसका उपयोग कैसे करें, इसके महत्व एवं इससे बच्चों को कैसे लाभान्वित किया जा सकता है इसकी जानकारी इस प्रशिक्षण में दी गई। पुस्तकालय एवं बहुभाषी शिक्षण पर शिक्षकों को व्याख्यान दिए गए। पिपरिया जोन के समस्त शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण जिला स्त्रोत समूह के मास्टर ट्रेनर्स राजकिरण चंद्रवंशी, रवि किशोर सिन्हा, शिवप्रसाद पटेल द्वारा दिया जा रहा है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में 25 जून तक वृद्धि, टीचर्स एसोसिएशन ने किया स्वागत



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन ने वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश में 25 जून तक वृद्धि किया है। छग टीचर्स एसोसिएशन ने बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लिए गए निर्णय का स्वागत किया है। छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विगत 16 जून को जारी आदेश के अनुसार अब स्कूल आगामी 26 जून से प्रारंभ होंगी। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने 11 अक्टूबर 2023 को जारी आदेश में सत्र 2023-24 के लिए विभिन्न प्रकार के अवकाश घोषित किया गया था, जिसके अनुसार एक मई से 15 जून 2023 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित था। राज्य शासन ने इस अवकाश अवधि में 16 से 25 जून तक वृद्धि किया है। यह आदेश प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय शालाओं में लागू होगा।

## सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश से आरक्षित वर्ग के अधिकारी-कर्मचारी में निराशा

# छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आदिवासी मंगल भवन कवर्धा में बीते रविवार को छग अनुसूचित जन जाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई जिला कबीरधाम की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे के अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस संबंध में जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि 14 जून 2024 को छग सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर ने अपने आदेश में उलल्लेखित किया है कि आरक्षित वर्ग के शासकीय सेवकों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ नही मिलेगा। उन्होने कहा कि इस आदेश से आरक्षित वर्ग के अधिकारी कर्मचारी में भारी निराशा देखने को मिल रही है। उन्होने कहा कि शासन के इस तुगलकी फरमान से आरक्षित वर्ग के प्रतिनिधित्व पर असर देखने को मिलेगा। यह आदेश माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी अंतरिम राहत आदेश 01/05/2023 की अवहेलना है।माननीय हाई कोर्ट बिलासपुर ने पदोन्नति में आरक्षण नियम 2003 को अमान्य करते हुए शासन को नए नियम बनाने तीन माह का समय दिया था दो माह बीत जाने के बाद भी पदोंन्नति हेतु नियम नहीं बना पाया है। बावजूद बिना नियम बनाए नियम विरुद्ध पदोन्नति राज्य में जारी है।

### मांग को लेकर संघ ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को सौंपा ज्ञापन

संघ के जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि संघ ने 16 जून को कवर्धा पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को संघ की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर घोषित सामान्य अवकाश के दिन संकुल स्तरीय मेगा पालक को अन्य तिथि में कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। बैठक में छग अनुसूचित जन जाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांतीय प्रबंध कार्यकारिणी के पुनर्गठन सहित अन्य महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से जेएल पन्द्रे संरक्षक, आसकरण सिंह धुर्वे जिला अध्यक्ष, अंजोर सिंह सिदार जिला उपाध्यक्ष, चुरामन धुर्वे उपाध्यक्ष, शिवराम सिंह श्याम जिला कोषाध्यक्ष, कुसुमलता धुर्वे, जागेश्वर धुर्वे, ईश्वर सिंह परस्ते, दिलीप कुमार धुर्वे, घुरऊ राम नेताम, सिद्धराम मंडावी, ईश्वरी प्रसाद धुर्वे, दिनेश कुमार मेरावी, हेमलता धुर्वे,देवचरण धुर्वे आदि उपस्थित थे।

# बरसात पूर्व नालियों की साफ सफाई में जुटा पालिका प्रशासन पंडरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

नगर पालिका परिषद पंडरिया में बरसात से पूर्व सभी छोटे बड़े नाले व नालियों की साफ सफाई अध्यक्ष राजीन गायकवाड़ के आदेशानुसार की जा रही है। पंडरिया नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव गायकवाड़ द्वारा बरसात में जगह-जगह जल भराव की स्थिति को भांपते हुए बरसात से पूर्व स्वयं उपस्थित रहकर जेसीबी के माध्यम से वार्ड क्रमांक 9 पर स्थित तहसील चौक से हटरी बाजार जाने वाले रास्ते के नालियों का, वार्ड क्रमांक 15 में मंदिर के पास के नाला तथा वार्ड क्रमांक 13 व 14 के मध्य



स्थित बीईओ कार्यालय व नया बाजार के पास के नालियों की सफाई कराई जा रही है। पंडरिया नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव गायकवाड़ ने बताया कि प्रतिवर्ष बरसात से पूर्व पंडरिया नगर के सभी वार्डो में नालियों की सफाई का कार्य कराया जाता है जिससे कि बरसात के दिनों में नालियों में जलभराव होने से नगरवासियों एवं छात्र, छात्राओं को जल भराव होने पर आवागमन में किसी प्रकार का समस्याओं का सामना करना न पडे। शिव गायकवाड़ ने कहा कि वर्तमान में पंडरिया अध्यक्ष के आदेशों पर गंभीरता पूर्वक अमल करते हुए कल से नगर में जगह-जगह नालियों की साफ-सफाई का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है।

**पहल: विद्यार्थियों की मांग व प्रबंधन ने सुधारात्मक पहल करते हुए प्रस्ताव को पारित किया**

# ड्रेस कोड लागू करने वाले जिले का पहला महाविद्यालय बनेगा बोड़ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड लागू करने वाला जिले का पहला महाविद्यालय बनने जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिले के किसी भी महाविद्यालय में ड्रेस कोड सिस्टम लागू नही है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की निरंतर मांग व महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से सुधारात्मक पहल करते हुए गत सत्र में इस प्रस्ताव को पारित किया गया। सबसे अच्छी बात यह है कि इसकी मांग स्वयं विद्यार्थियों तथा विद्यार्थी संगठनों ने की थी, जिसका मूर्त स्वरूप 2024-25 के नए सत्र से प्रारंभ होने जा रहा है।

विद्यार्थियों की मांग आने पर महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा जनमत संग्रह कराया गया। इस जनमत संग्रह में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए, गोपनीय और निष्पक्ष ऑनलाइन मतदान करवाया गया। गूगल फॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों के वॉट्सएप ग्रुप में लिंक भेजकर सभी से उनके मत लिए गए। एक विद्यार्थी एक मत का भी ध्यान रखा गया। ऑनलाइन फार्म भरने के लिए लगभग 2 माह का समय दिया गया ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसमें शामिल हो सकें। जनमत संग्रह में कुल 524 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें कुल 491 ने पक्ष में मतदान किया जो कि शामिल हुए कुल विद्यार्थियों का 93.7 प्रतिशत रहा। जनमत संग्रह में कुल 33 विद्यार्थियों ने अपनी असहमति प्रकट की।

### नवाचार व सुधारात्मक पहल वर्तमान समय की आवश्यकता है: उमेश पाठक



देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति निरंतर लागू हो रही है, साथ ही साथ इस सत्र से छत्तीसगढ़ राज्य में भी लागू होने जा रही है इसलिए महाविद्यालय में भी आवश्यक सुधार एवं नवाचार लागू करना वर्तमान समय की मांग है। गणवेश लागू करना महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों में अनुशासन लाने का एक सशक्त माध्यम है, इसलिए विद्यार्थियों की सहभागिता से यह लागू किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इसी सुधारात्मक एवं सहयोगी वातावरण के कारण महाविद्यालय की एक छात्रा ने गत सत्र में राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में सहभागिता अपनी निभाई। साथ ही राज्य स्तरीय खेल, युवा उत्सव में भी विभिन्न स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय स्तर पर भी विद्यार्थियों ने स्थान बनाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। एक दूरस्थ अंचल पर स्थित महाविद्यालय के लिए यह गर्व और उत्साह का विषय है।

# रेहुटा-बसनी व खैलटुकरी तक प्रधानमंत्री सड़क बद से बदत्तर

■ जर्जर सड़क में ग्रामीणों व राहगीरों का पैदल चलना मुशकिला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



शासन-प्रशासन जहां ग्रामीणों व राहगीरों के आवागमन की बेहतर सुविधा देने के लिए गांव की सड़कों की मरम्मत कराकर चकाचक करने की व्यवस्था कर रही है। इसके बाद भी ग्राम रेहुटा-बसनी-खैलटुकरी प्रधानमंत्री क्षतिग्रस्त सड़कों पर ध्यान नही दिया जा रहा है। अधिकांश सड़कें गड्ढे में तब्दील होकर राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। जिसमें ग्राम रेहुटा से बसनी व खैलटुकरी मार्ग व आसपास सहित दर्जनों भर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर व बदहाल सड़कों पर चलना मुसीबत से निपटने के समान है। जर्जर सड़कों पर ग्रामीण व राहगीर आए दिन सड़क दुर्घटना के शिकार व गिरकर चोटिल भी हो रहे है। ग्रामीणों द्वारा ग्राम रेहुटा-बसनी व खैलटुकरी प्रधानमंत्री सड़क को लेकर विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को कई बार शिकवा शिकायत की गई लेकिन वर्षो से इस प्रधानमंत्री सड़क को ठीक कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। जिसका खामियाजा ग्रामवासियों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

### जिम्मेदार व विभागीय अधिकारी बेपरवाह

देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति निरंतर लागू हो रही है, साथ ही साथ इस सत्र से छत्तीसगढ़ राज्य में भी लागू होने जा रही है इसलिए महाविद्यालय में भी आवश्यक सुधार एवं नवाचार लागू करना वर्तमान समय की मांग है। गणवेश लागू करना महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों में अनुशासन लाने का एक सशक्त माध्यम है, इसलिए विद्यार्थियों की सहभागिता से यह लागू किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इसी सुधारात्मक एवं सहयोगी वातावरण के कारण महाविद्यालय की एक छात्रा ने गत सत्र में राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में सहभागिता अपनी निभाई। साथ ही राज्य स्तरीय खेल, युवा उत्सव में भी विभिन्न स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय स्तर पर भी विद्यार्थियों ने स्थान बनाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। एक दूरस्थ अंचल पर स्थित महाविद्यालय के लिए यह गर्व और उत्साह का विषय है।

### जर्जर व बदहाल सड़क पर राह चलना कठिन

देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति निरंतर लागू हो रही है, साथ ही साथ इस सत्र से छत्तीसगढ़ राज्य में भी लागू होने जा रही है इसलिए महाविद्यालय में भी आवश्यक सुधार एवं नवाचार लागू करना वर्तमान समय की मांग है। गणवेश लागू करना महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों में अनुशासन लाने का एक सशक्त माध्यम है, इसलिए विद्यार्थियों की सहभागिता से यह लागू किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इसी सुधारात्मक एवं सहयोगी वातावरण के कारण महाविद्यालय की एक छात्रा ने गत सत्र में राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में सहभागिता अपनी निभाई। साथ ही राज्य स्तरीय खेल, युवा उत्सव में भी विभिन्न स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय स्तर पर भी विद्यार्थियों ने स्थान बनाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। एक दूरस्थ अंचल पर स्थित महाविद्यालय के लिए यह गर्व और उत्साह का विषय है।

## खबर संक्षेप

### शाला प्रबंधन व विकास समिति का होगा गठन

**कवर्धा।** जिले के सभी हाई व हायर सेकेंण्डरी स्कूलों में शाला प्रबंधन व विकास समिति (एसएमडीसी) का गठन किया जाएगा। इसे लेकर छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर से आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर को निर्देशित किया गया कि 18 जून से नया शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बनाई जाएं।

### डीयू नें यूएफएम परीक्षा परिणाम घोषणा की

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने यूएफएम परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इसमें बीएससी गृह विज्ञान भाग दो, एमए इतिहास पूर्व, एमए राजनीति विज्ञान पूर्व, एमए समाजशास्त्र पूर्व व अंतिम, एमए हिन्दी पूर्व व अंतिम, एमए अर्थशास्त्र पूर्व व अंतिम शामिल है।

### पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति निभाई जिम्मेदारी

**पंडरिया।** नगर में पर्यावरण के लिए कार्य करने वाली समिति पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ शिक्षक जगन्नाथ तिवारी के सुपुत्र समर्थ तिवारी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बीईओ कार्यालय के पास कदम्ब व कोनाकार्पस का 16 पौधरोपण किया गया। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होने सभी लोगों को हर महत्वपूर्ण अवसर पर पौधरोपण करने की बात कहीं इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के पर्यावरण संरक्षण समिति के कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# कवर्धा जोन में एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विकासखंड स्तरीय एफएनएल आधारित प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन कवर्धा ब्लॉक को तीन जोन में विभक्त कर क्रमशः कवर्धा, पिपरिया व इंदौरी में किया गया। प्रशिक्षण ब्लैंडेड पांच दिवस ऑनलाइन व चार दिवस ऑफलाइन मोड में संपन्न हुआ। 14 से 17 जून तक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला क्रमांक 1 कवर्धा में आयोजित एफएलएन के प्रथम चरण ऑफलाइन पांच दिवशीय प्रशिक्षण में कवर्धा जोन के 59 प्राथमिक शिक्षकों को सम्मिलित किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य विषय शिक्षक संदर्शिका, पाठ्य पुस्तक व अभ्यास पुस्तिका को मिलाते हुए कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान हेतु दैनिक साप्ताहिक वार्षिक योजना के अनुरूप कार्य करते हुए, छात्र छात्राओं के आकलन का रोड़ मैप भी डिजाइन किया गया। मेरा सफर ट्रैकर एवं सप्ताहिक आकलन ट्रैकर के माध्यम से बच्चों को सीखने के लक्ष्य प्रतिफल को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

इस प्रशिक्षण में 21वीं सदी के कौशल 6सी एवं शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को सिखाने हेतु विषय मित्र, गली मित्र, पियर लर्निंग, ग्रुप लर्निंग का सिद्धांत नवाजतन के अंतर्गत दिया गया। शिक्षकों के लिए इस प्रशिक्षण में सबसे आकर्षक एवं नई जानकारी ई-जादुई पिटारा रही। यह जादुई पिटारा क्या है इसका उपयोग कैसे करें, इसके महत्व एवं इससे बच्चों को कैसे लाभान्वित किया जा सकता है, इसकी जानकारी इस प्रशिक्षण में दी गई। पुस्तकालय एवं बहुभाषी शिक्षण पर शिक्षकों को व्याख्यान दिए गए। कवर्धा जोन के समस्त शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण जिला स्त्रोत समूह के मास्टर ट्रेनर्स देवेंद्र कुमार पांडेय, संजीव कुमार शर्मा, मुकेश ठाकुर द्वारा दिया जा रहा है। आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए एफएलएन के वांछित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी शिक्षक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम, खेल आधारित शिक्षण पद्धति, बच्चों को स्कूल से कैसे जोड़े? कैसे स्कूल में भय मुक्त वातावरण के साथ एक बेहतर आनंददायी वातावरण निर्मित हो? जो बच्चों के हित में हो ऐसे बहुत सारे विषयों पर प्रशिक्षण में चर्चा की जा रही है।

प्रशिक्षण में समय-समय पर उपस्थित होकर कवर्धा विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय चन्द्रवंशी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री मुदिता गुप्ता, बीआरसी जलेश चंद्रवंशी ने प्रशिक्षण में शिक्षक शिक्षिकाओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने एवं प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर दिशा-निर्देश दिए।

एसआरजी मनोज कुमार साहू, खोजन डिंडोरे द्वारा प्रशिक्षण संबंधित एजेंडा को साझा करते हुए मार्गदर्शन दिए। यह प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित होगा, द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 19 जून से आयोजित है। एफएलएन के समस्त प्रशिक्षण जिला प्रभारी रामकुमार पांडेय के मार्गदर्शन पर संपन्न हो रहे हैं साथ ही साथ राज्य स्तर से उच्च अधिकारी सीधे ऑनलाइन जुड़कर शिक्षकों से सीधे संवाद कर रहे हैं एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

# विधायक ने इंदौरी में जनसेवा ही भावना केंद्र का किया शुभारंभ

**क्षेत्र के विकास व जनता की सेवा के लिए अपने कर्तव्यों को हमेशा पूरी करती रहूंगी: भावना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जनता की सुविधा व समृद्ध पंडरिया के संकल्प के साथ विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। समाज सेविका के साथ ही एक जनप्रतिनिधि के रूप में भी जनता के हर सुख-दुःख में साथ रहने वाली विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भावना दीदी की गारंटी में किए अपने संकल्प के तहत सोमवार को ग्राम इंदौरी में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) का शुभारम्भ किया। इसके पूर्व भी भावना बोहरा ने क्षेत्र से प्रमुख विषयों और जनता के सुझाव व क्षेत्र के विकास हेतु वनांचल क्षेत्र कुकदुर, पंडरिया, पाण्डातराई एवं रणवीरपुर क्षेत्र में केंद्र का शुभारंभ किया।

इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम इंदौरी भी इस केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना का हमारा मुख्य उद्देश्य जनता से सीधे संवाद और क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों को जानना है, ताकि उसका सही समय पर उचित निराकरण हो सकें और जनता की समस्याओं के समाधान के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित हो सके। जनाकांक्षाओं की पूर्ति हो या समृद्ध व खुशहाल पंडरिया बनाने का हमारा जो संकल्प है उसे पूरा करने के लिए जनता के सहयोग व सुझाव को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों को पूरा करने हम कटिबद्ध है। ग्राम इंदौरी में इस केंद्र की स्थापना से क्षेत्रवासियों को उनके गांव के नजदीक ही शासकीय योजनाओं की जानकारी व उसके लाभ के साथ ही स्थानीय मुद्दों, उनकी आवश्यकताओं व समस्यों का त्वरित निराकरण की सुविधा उन्हें मिलेगी, जिसके लिए उन्हें जिला अथवा तहसील कार्यालय आने-जाने की असुविधा नहीं उठानी पड़ेगी।

### हमारा लक्ष्य जनता को मूलभूत सुविधाएं व विकास कार्यों की जानकारी सीधे जनता से संवाद हो: विधायक

श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि हमने विधानसभा चुनाव के समय भावना दीदी की गारंटी सेवा संकल्प पत्र में जनता की सुविधा हेतु विधानसभा के 7 प्रमुख स्थानों में इस केंद्र की स्थापना करने का जनता को भरोसा दिया था और आज मुझे ख़ुशी है कि 5 स्थानों में हमने इस केंद्र की स्थापना कर दी है जहां कार्य भी शुरू हो चुका है और जल्द ही समय में बाकि दो स्थानों में भी इस केंद्र की स्थापना जल्द ही हो जाएगी, जिसकी तैयारियां भी हमने शुरू कर दी है। हमारा लक्ष्य है कि जनता को मूलभूत सुविधाएं और शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक मिल सके। जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता एवं क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी सीधे जनता से संवाद करने पर स्पष्ट रूप से सामने आते हैं, साथ ही उनके निराकरण के लिए बेहतर सुझाव भी जनता के द्वारा हमें मिलते हैं जिसे पूरा करने का प्रयास हमेशा ही हमारी प्राथमिकता रहती है। हमें पूरा विश्वास है कि इस केंद्र की स्थापना से अब उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा साथ ही साथ मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर समृद्ध पंडरिया का हमारा संकल्प भी जन सहयोग व सुझाव से जरुर पूरा होगा।

# अवैध शराब परिवहन के दो आरोपी चढे.पंडरिया पुलिस के हत्थे

■ आरोपियों के कब्जे सें 35 पौवा देशी प्लेन मदिरा किया जप्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा समस्त थाना-चौकी प्रभारियो को अवैध शराब पर प्रभावी रूप से कार्यवाही करने एवं अपराध व अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने दिशा-निर्देश दिए। जिस पर थाना पंडरिया द्वारा क्षेत्र में लगातार सूचना एकत्र की जा रही थी, इसी कड़ी में थाना पंडरिया पुलिस को रविवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पुराना बस स्टैंड पंडरिया के पास मोटर सायकल में सवार दो आरोपियों द्वारा एक काले रंग के बैंग में देशी प्लेन मदिरा रखकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने परिवहन करते ले जा रहा है कि सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर त्वरित कार्यवाही करते हुए पंडरिया पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी बासदेव चंद्राकर पिता सुखनंदन आयु 25 वर्ष निवासी छितापार कला थाना कुण्डा व जितेन्द्र निषाद पिता गनेशी आयु 26 वर्ष निवासी छितापार कला थाना कुण्डा को गिरफ्तार कर जिसके पास से एक काले रंग के बैंग में रखे 35 पौवा देशी प्लेन मदिरा जब्तकर उक्त आरोपियों को 35 पौवा देशी प्लेन मदिरा व मोटर सायकल को जप्त किया गया। वहीं आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत थाना पंडरिया में अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।

### स्वागत...



**हरिभूमि कवर्धा।** जनपद अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी व पूर्व विधायक एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू नें नव-निर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय का फूल माला से भव्य स्वागत किया।

**चार दिवसीय आयोजन में उद्देश्य, उपयोगिता, महत्ता को बताया गया**

# इंदौरी में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

इंदौरी जोन अंतर्गत चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण 14 से 17 जून तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदौरी में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में कवर्धा विकासखंड के 13 संकुल इंदौरी, कोसमंदा, झिरौनी, पनेका, दशरंगपुर, गुढ़ा, चचेड़ी, पथर्रा, झलमला, बम्हनी, धमकी, सोनपुरी रानी के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण का प्रारम्भ राष्ट्रगान व मां सरस्वती वंदना के साथ किया गया। बीईओ संजय जायसवाल, बीआरसी जलेश चंद्रवंशी, एसआरजी मनोज साहू, खोजन दास डिंडोरै, डीआरजी प्रशिक्षक महेन्द्र जांगड़े, मूलचंद ध्रुर्वे, मोहित ठाकुर, उपस्थित थें। बीईओ, बीआरसी, एसआरजी द्वारा प्रशिक्षण पर प्रकाश डाले और इसका उद्देश्य, उपयोगिता, महत्ता को बताए गए। मूलचंद ध्रुर्वे द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, निपुण भारत मिशन के उद्देश्य, निपुण भारत मिशन में एफएलएन क्या है, इसकी आवयश्कता क्यों पढ़ी, विशेषता, मौखिक भाषा विकास समता, एनसीएफ एफएस भाषा की संतुलित पद्धति, कौशल केंद्रित पठन, संतुलित भाषा के चार खंडीय रूपरेखा पर चर्चा, परिचर्चा और गतिविधि किए और प्रथम दिन के सत्र का समापन किया गया। वहीं द्वितीय दिवस पूर्व दिवस के प्रशिक्षण के प्रतिवेदन वाचन के साथ किया गया। डीआरजी मूलचंद ध्रुर्वे द्वारा मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन, लेखन पर चर्चा परिचर्चा किए। साथ ही चार समुह में बांटकर गतिविधि और खेल खेल में हम बच्चों को कैसे भाषाई कौशल का विकास कर सकते हैं विस्तार से बताएं। तृतीय दिवस का प्रशिक्षण पूर्व दिवस भांति प्रारम्भ हुआ। मूलचंद ध्रुर्वे द्वारा दो दिवस के प्रशिक्षण का समेकन प्रस्तुत किए। संजय जायसवाल बीईओ द्वारा प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दिए। साथ ही खोजन दास सर द्वारा दो दिन का फीडबैक लिए वहीं समापन दिवस के प्रशिक्षण का प्रारंभ पूर्व दिवस की भांति नवाजतन, पुस्तकालय, ई-जादुई पिटारा, बहुभाषी शिक्षा आदि पर विभिन्न गतिविधि एव चर्चा किया गया। इसा दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं व पदाधिकारी गण उपस्थित थें।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071